संक्षिप्त

लोकेंद्र वैष्णव निर्विरोध अध्यक्ष बने

बौंली-बामनवास,(निसं)। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के सीता माता रोड पर स्थित वैष्णव नवनिर्मित छात्रावास पर सवाई माधोपुर एवं गंगापुर जिले के वैष्णव सेवा संस्थान की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष पद पर लोकेंद्र वैष्णव जटवाडा वालों को घोषित किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुदामा दास बैरागी ने बताया कि बैठक के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राम भरत वैष्णव ने अपने कार्यकाल के आय एवं व्यय का ब्योरा समाज के सामने प्रस्तुत किया इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी राजपाल वैष्णव ने अध्यक्ष लोकेंद्र वैष्णव को प्रमाण पत्र दिया। चुनाव के दौरान सवाई माधोपुर एवं गंगापुर जिले सहित बामनवास, खंडार, चौथ का बरवाड़ा, बौंली, मलारना डूंगर सहित अन्य गांव के समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में बौंली मलारना डूंगर के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ वैष्णव, गंगापुर सिटी से विनोद वैष्णव, लाखनपुर से सूरजमल वैष्णव, गोलपुर से घनश्याम वैष्णव, धौराला से धीरज वैष्णव सहित अनेकों समाज के लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी।

तीन लाख की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

दूदू, (निसं)। स्थानीय थाने की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध शराब बिक्री कर रहे दो स्थानों पर दबिश दी जाकर विभिन्न ब्रांडों की करीब तीन लाख रूपए की शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा दूसरा आरोपी सामान छोडकर भागने में सफल हो गया। पुलिस अधीक्षक दूदू शांतनु कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ एवं शराब की बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाया जाकर क्षेत्रीय अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उपपुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना निरीक्षक इंद्रप्रकाश यादव ने टीम के साथ कार्रवाई कर एनएच 48 पर दूदू के पास रिलायंस पंप के नजदीक दुकान व बालाजी होटल के पास दुकान पर शराब बिक्री होने की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई की जाकर आरोपी लोकेश सारण निवासी खुडियाला को गिरफ्तार कर दो लाख अस्सी हज़ार रुपए की शराब बरामद कर ली। दूसरी दुकान पर पुलिस को देखकर आरोपी 20000 की देसी अंग्रेजी शराब छोडकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

संदीप व विश्वजीत का कबड्डी टीम में चयन

निवाई, (निसं)। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के दो खिलाडियों का19वर्ष राज्य स्तरीय कबड्डी टीम में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक लक्ष्मण सिंह व सूरिया विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मुकेशकुमार बोहरा के मार्गदर्शन में राहोली की 19वर्ष कबड्डी टीम जिलास्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए उप विजेता रही। चयन समिति ने पीएमश्री स्कूल राहोली के दो खिलाडी संदीप सिंह नरूका व विश्वजीत सिंह नरूका को बेहतर परफॉर्मेंस के आधार पर 19 वर्ष राज्य स्तरीय कबड्डी टीम के लिए चयन किया है। दोनों खिलाडियों के चयन पर एएओ राजूलाल बैरवा, वरिष्ठ सहायक गुलाब मीना, सचिव प्रेमचन्द बैरवा, गोविंद हाथीवाल, राज्य स्तरीय कबड्डी कोच चन्द्रप्रकाश सियाग, भँवरलाल जाट व राकेश चौधरी ने अभिनन्दन किया।

तीन विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड में चयनित

आमेर, (निसं)। संस्कार विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय गुनावता के कक्षा 9 के तीन विद्यार्थियों योगेश मीणा, लकी मीणा, काजल मीणा का इंस्पायर अवार्ड 2023-24 की मानिक स्कीम के लिए चयन किया गया है। संस्था के निदेशक शंकर लाल प्रजापत ने बताया कि यह अवार्ड प्रतिवर्ष भारत सरकार के विज्ञान व तकनीकी मंत्रालय द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार एवं प्रेरित शोध के लिए दिया जाता है। इसमें चयनित विद्यार्थी को 10000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

तेजाजी महाराज का मेला आज

निवाई/गुंसी, (निसं)।कनेसर में दो दिवसीय लोक देवता तेजाजी महाराज के मेले की शुरुआत 16 सितम्बर से होगी। गायिका अंजली सैनी कनेसर ने बताया कि अलगोजा गायन पार्टी तेजाजी के भजनों को प्रस्तुति देंगे।

चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़ वारदात को अंजाम दिया

स्थानीय व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा भवन परिसर में एक बैठक आयोजित की।

■ व्यापारियों द्वारा आज थाने के सामने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जायेगा

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से अपराध का ग्राफ लगातार बढता ही जा रहा है। इसी क्रम में चोर क्षेत्र की पुलिस की आंखों में धूल झोंककर बडे शिद्दत से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है वहीं पुलिस प्रशासन बेखबर होकर बैठा हुआ है। इसके चलते बीते कुछ दिन पहले ही दो कपडे की दुकानों के ताले टूटे थे। जिस पर प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं होती देख चोरों ने फिर से थाना मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित मुख्य बाज़ार में तीन दुकानों के ताले तोडकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। क्षेत्र में उक्त वारदातों का होना अपने आप में पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खडा करने जैसा है। फिलहाल फुलेरा पुलिस के हाथ इन मामलों में कोई लीड नहीं मिली है।

14 सितम्बर की रात्रि में क्षेत्र के मुख्य बाजार की तीन दुकानों से ताले तोडने को लेकर स्थानीय व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा भवन परिसर में एक बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान फुलेरा में पिछले डेढ महीने में हुई चोरी की विभिन्न वारदातों को लेकर चर्चा की गई साथ ही उक्त चोरी की वारदातों में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने को लेकर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया।

इसके साथ ही सभी व्यापारी बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए पुलिस थाने पर पहुंचे जहां पर व्यापारियों ने थानाधिकारी से वार्ता की। वहीं व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा बताया कि पिछले डेढ महीने में फुलेरा में करीब 13 से 14 चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। उन पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके लिए व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने बताया कि सोमवार को सुबह सभी व्यापारियों द्वारा थाने के सामने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में स्थानीय थानाधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि क्षेत्र में पिछले पिछले डेढ महीने में मात्र 3 चोरी की वारदातें हुई है। जिन पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। उनका जल्दी ही खुलासा किया जाएगा। इस दौरान थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के साथ वृत्ताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल भी थाने पर पहुंची। वही अखिल भारतीय मानवाधिकार मिशन के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर सैनी ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान जैसे नगर पालिका कार्यालय, अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर बीट प्रभारी एवं थानाधिकारी के सम्पर्क नम्बर लिखवाये जाये। ताकि क्षेत्र में चोरी सहित अन्य कई अपराधों पर अंकुश लग सके। बैठक में पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुबोध छाबडा, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा, पंचायत समिति सदस्य नेमीचन्द कुमावत, त्रिलोक चन्द शर्मा, सीताराम अजमेरा, मोहित धांधल, प्यारेलाल कुमावत, रमेश चन्द चौधरी, महेन्द्र गांधी, महेश कुमावत, प्यारे लाल सैनी, हरेन्द्र कुमावत, पवन कुमावत, भारत कुमावत, कैलाश वाधवानी, राकेश रूंथला, महेश चन्द जैन, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, राकेश कुमावत, मोहित कारडिया, हनी सबनानी सहित अन्य कई व्यापारीगण उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। श्री अग्रवाल समाज समिति, अग्रवाल महिला मण्डल, अग्रवाल नवयुवक मंडल श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष आशीष चौधरी के नेतृत्व में एसबीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में प्राचार्य डॉ. एसके जाट एवं एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल सचिव प्रदीप धायल के सानिध्य में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिवर पोस्ट का विमोचन किया गया। एसबीएन कालेज आफ़ एजुकेशन के प्रशिक्षार्थियों को रक्तदान की महत्वता व मानव जीवन के लिए उपयोगिता को सार्थक बताते हुए स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अग्रवाल नवयुवक मंडल श्रीमाधोपुर के पदाधिकारीगण, संरक्षक योगेश चौधरी, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

42 से अधिक सम्मान पाकर सूर्यदेव बारेठ ने किशनगढ़बास का गौरव बढ़ाया

सूर्यदेव सिंह

■ कवि, लेखक के साथ राजनीति में सक्रिय रहते देश विदेश के मंचों पर लहराया परचम

किशनगढबास, (निसं)। 89 वर्ष की उम्र पार कर चुके राजनेता कवि लेखक कृषि पंडित पदमश्री सूर्यदेव सिंह बारेठ पिछले करीब 5 साल से डॉक्टरों की सलाह पर राजनीति से संन्यास लेकर घर रहकर आराम कर रहे हैं। बारेठ का जन्म अलवर के नवगठित जिला खैरथल तिजारा के किशनगढबास से 5 किलोमीटर दूर एक छोटे से गांव माहुद में हुआ और करीब 50 साल से किशनगढबास में निवास बनाकर रह रहे हैं। 42 से अधिक भारत के विभिन्न व विभिन्न देशों की यात्रा के दौरान कवि साहित्यकार एवं राजनीतिक मंचों पर सम्मानों से नवाजा गया है।

अपनी मधुर वाणी से सबके दिल को जीत लेने वाले कृषि पंडित पदमश्री से सम्मानित सूर्यदेव सिंह बारेठ किसी परिचय के मोहताज नहीं है वह किशनगढबास में रहते हुए भारत के अलग-अलग राज्यों व देशों की यात्रा कर अपने गांव की माटी को गौरवान्वित कर अपने गांव और शहर का नाम रोशन कर चुके हैं। छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय रहे सूर्यदेव सिंह बारेठ काफी प्रयासों के बावजूद खुद को पंचायत राज की राजनीति से आगे नहीं ले जा पाए।

सूर्यदेव सिंह बारेठ एक अधिवक्ता व कुशल राजनेता होने के साथ कवि लेखक भी है। जिन्होंने अनेक किताबें लिखी हैं साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों के मंचों के साथ विदेशों के मंचों पर कविता पाठ पडे हैं। करीब 25 साल तक खुद ने और पत्नी ने किशनगढबास पंचायत समिति की प्रधान की कुर्सी पर बैठकर क्षेत्र की सेवा की है। बारेठ भले ही राजनीति में अपने आप को प्रधान की कुर्सी से ऊपर नहीं बैठा पाए हों लेकिन राजनीति में दबदबा किसी मंत्री से कम नहीं रहा है।

बारेठ के नाम से बडे से बडा अधिकारी उनके सम्मान में कुर्सी छोडकर खडा हो जाता। बारेठ अपनी मधुर वाणी और मिलनसार व्यक्तित्व से राज्य और केंद्रीय नेताओं के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रिश्ते बडे गहरे रहे हैं। बारेठ हमेशा कांग्रेस पार्टी व पार्टी की विचारधारा से जुडे रहे हैं। किशनगढबास के लोग बताते हैं कि बारेठ का लिखा हुआ पत्र ही उनकी उपस्थिति हुआ करता था। पत्र में लिखा एक-एक शब्द सामने वाला अधिकारी देखकर पूरा सम्मान देते और बात सुनकर समस्या का समाधान भी तुरंत कर देते थे।

सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने समीक्षात्मक बैठक कार्यकर्ताओं के साथ ली।

टोंक, (निसं)। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने 15 सितम्बर को दोपहर में सर्किट हाउस में पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे, सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षात्मक बैठक कार्यकर्ताओं के साथ ली। इस बैठक में अलका गुर्जर ने जिले के सभी 25 मण्डलों पर अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से और अधिक मेहनत के साथ इस अभियान में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करने को कहा। टोंक जिले मे चल रहे अब तक के अभियान पर खुशी जाहिर करते हुए अलका गुर्जर ने कहा की मुझे पूरा भरोसा है की टोंक जिला दिए गए लक्ष्य को पूरा करते हुए आगे बढेगा।

इससे पूर्व राष्ट्रीय मंत्री के आगमन पर जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने अलका गुर्जर का स्वागत किया और अपने उदबोधन मे कहा की सदस्यता अभियान अब मण्डल स्तर से आगे जाकर बूथ स्तर पर पहुंच चूका है, 25 में से 15 मण्डल पर ये अभियान अपने अगले चरण बूथ स्तर पर चलाया जा रहा और शेष 10 मंडल पर भी आगामी दो से तीन दिन मे ये अभियान बूथ स्तर पर चालू हो जाएगा

इस अवसर पर पूर्व सांसद, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश चंदेल, सदस्यता अभियान के संयोजक सुनील जैनख सह संयोजक गौरव चरण रमेश, पूर्व ओ बी सी जिलाध्यक्ष राजेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र जैन पूर्व प्रधान जगदीश जी गुर्जर शिवजी राम चौधरी प्रिया वीर सिंह राठौड़, बादल साहू, मुकेश कश्यप, हकीकत राय सौदा, गुड्डू चावला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भूमि आवंटन नहीं होने से बंद हो सकता है सांभर कन्या महाविद्यालय

■ 1 साल से 5 करोड़ का बजट पीडब्ल्यूडी के खाते में पड़ा है

सांभरझील, (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शासन में सांभर में कन्या महाविद्यालय की मिली सौगात आज तक फलीभूत नहीं हो पाई जबकि महाविद्यालय के लिए आयुक्तालय की ओर से नवीन भवन निर्माण हेतु करीब 5 करोड़ की प्रशासनिक, वित्तीय स्वीकृति अगस्त 2023 में ही जारी कर दी गई थी।

जानकारी में यह भी आया है कि इसके लिए विधायक कोटे से दो करोड रुपए भी पास हुए थे लेकिन वह जनता को दिखाने के लिए आवंटन किए गए थे यानी कुल करीब 7 करोड़ रुपए नवीन भवन के लिए मिल जाना और उसके लिए राजनेताओं की ओर से भूमि की उपलब्धता को सुनिश्चित नहीं करना तथा घोर लापरवाही कर मामले को झुलाना इस बात का द्योतक है कि वास्तविक रूप से नवीन भवन हेतु भूमि मिले इसके लिए कोई दबाव नहीं बनाया गया है। नवीन भवन निर्माण की जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण विभाग को सौंप रखी है और यह सारा पैसा उनके खाते में 1 साल से पड़ा है। सरकार के पास परमानेंट व्याख्याताओं की नियुक्तियों का टोटा होने से मात्र 40,000 रुपया प्रतिमाह पर विद्या संबल योजना के तहत अस्थाई तौर पर अलग-अलग विषयों के छह व्याख्याताओं को शैक्षिणक कार्य की जिम्मेदारी सौंप रखी है। कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य पद भी डेपुटेशन से है। वर्तमान में यह कन्या महाविद्यालय पुरानी धान मंडी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय स्कूल के भवन के ऊपरी हिस्से में चल रहा है। समय रहते यदि जनता नहीं जागी तो सांभर कन्या महाविद्यालय राजकीय शाकंभर महाविद्यालय में मर्ज हो जाएगा व एक दिन खत्म हो जाएगा।

77 यूनिट रक्त संग्रहित, कयाल ने 92वीं बार किया रक्तदान

सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्रम से सम्मानित किया गया।

■ 75 पुरुष व 2 महिलाओं ने रक्तदान किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। स्व.चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन श्रीमाधोपुर रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज एवं श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें कुल 77 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

रक्तदान शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मित्तल ब्लड बैंक सीकर एवं बंसल ब्लड बैंक जयपुर द्वारा रक्त संग्रहित किया गया।

सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्रम से सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं में रोटेरियन गिरिराज कयाल ने 92वी बार, रो. दिलीप सिंह ने 60वीं बार, रो. पुरषोतम सोनी, अमित गिनोडिया ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह पवन ने रक्तदान कर रक्तदाताओं एवं आयोजको का उत्साहवर्धन किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिन्दू जागरण मंच की महिला सह संयोजिका दीपिका शर्मा ने भी रक्तदान किया। कुल 75 पुरुष एवं 2 महिलाओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति जयपुर एवं मित्तल ब्लड बैंक जयपुर ने रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विहिप के मुकेश शर्मा, हिन्दू जागरण मंच के एड शुभम शर्मा , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विश्वेन्द्र कुमार, नगर प्रचारक मोहन, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चोटिया, शांति लाल सोनी, सागर मल शर्मा, राजेन्द्र कसेरा ने अपनी सेवाएं प्रदान की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज चोटिया, सचिव शांति लाल सोनी, डा.माधव सिंह, प्रोजेक्ट चेयर मेन सुरेश चोटिया, को प्रोजेक्ट चेयरमेन सुरेश चोटिया सहप्रान्त पाल दिलीप सिंह एवं श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति जयपुर, बंसल ब्लड बैंक जयपुर स्व श्री मुंशीराम मित्तल ब्लड बैंक सीकर ने आयोजकों, सहयोगियों तथा रक्तदाताओं का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

सार-समाचार

प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

पावटा, (निसं)। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सेपक टेकरा खेल में एमएम पब्लिक स्कूल पावटा, प्रागपुरा की टीम स्वर्ण पदक जीत विजेता रही। जिला स्तरीय इस आयोजन के आधार पर सक्षम शर्मा, अनमोल पलसानिया, रितिका, अंशिता, खुशी, कुमकुम का चयन राज्य स्तरीय (भीलवाडा) के लिए खेल प्रतियोगिता में किया गया। इस अवसर पर एमएम पब्लिक स्कूल विद्यालय परिवार द्वारा स्वर्ण पदक विजेता टीम सक्षम शर्मा (कैप्टन), अनमोल पलसानिया, दीपक शेखावत, अनिल यादव, लक्ष्य मंगल। रितिका, खुशी, अंशिता, शालू, धनिषा, कुंकुम, इशिता, सोनू, सारिका का स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय निदेशक मनोज मित्तल ने विद्यालय में परंपरागत खेलों के साथ-साथ नवीन खेलों को बढावा देने पर बल दिया।

पप्पूराम सैनी अध्यक्ष बने

नारायणपुर (निसं)। कस्बे के मानसरोवर जोहड के समीप स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले जन जागृति संस्थान के चुनाव रविवार को चुनाव प्रभारी एडवोकेट अशोक कुमार सैनी की देखरेख में आयोजित हुए। इस दौरान सैनी समाज की आमसभा की बैठक में सर्वसम्मति से जीवा की ढ ाणी निवासी पप्पूराम सैनी को महात्मा ज्योतिबा फूले जन जागृति संस्थान का अध्यक्ष चुना गया। नारायणपुर निवासी दीनदयाल सैनी व रामसाला गढ ी निवासी सुभाष चन्द को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान चुनाव प्रभारी एडवोकेट अशोक कुमार सैनी के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्षों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वही सैनी समाज के लोगो द्वारा अध्यक्ष व उपाध्यक्षो का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में सैनी समाज के गणमान्य लोगों ने समाज के उत्थान के लिए समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने के लिए अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष सुल्तान राम सैनी, पूर्व अध्यक्ष भागीरथ सैनी, संरक्षक तेजराम सैनी, खरकडी सरपंच भागीरथ सैनी, पूर्व उप सरपंच भवानीशंकर सैनी, रोहिताश सैनी, गिर्राज प्रसाद सैनी, नरेंद्र सैनी, नारायण सैनी, घनश्याम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, गिरदारी लाल, राधेश्याम, मूलचंद सैनी, सुगाराम, केएल सैनी, कैलाश सैनी, बृजमोहन सैनी सहित बडी संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद थे।

कोयलों से लदा ट्रक पलटा

पावटा, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पावटा कस्बे सर्विस रोड स्थित बालाजी नर्सरी के सामने रविवार को दोपहर के समय कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट गया। हालांकि हादसे में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि ट्रक कोयला लेकर जोधपुर से दिल्ली जा रहा था। इसी दौरान आगे जा रहे तेज रफ्तार वाहन के अचानक ब्रेक लगाने पर उसे बचाने में अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर के पास पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई। सूचना पर मौके पर पहुची प्रागपुरा थाना पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रक व कोयले को हटवाकर जाम खुलवाया। ट्रक ड्राईवर अजीत ने बताया कि रविवार को जोधपुर से दिल्ली की ओर कोयले से भरा ट्रक जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पावटा बालाजी नर्सेरी के पास ट्रक पहुंचा तो आगे चल रहे वाहन को बचाने के चक्कर में संतुलन खो बैठा। ट्रक बेकाबू होकर हाईवे के डिवाइडर पर चढ कर पलट गया। वही ट्रक ड्राईवर अजीत ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से ट्रक को हटवाया। इस दौरान काफी देर तक हाइवे पर जाम लगा रहा।

करीरिया की टीम रही विजेता

निवाई, (निसं)। गांव करीरिया में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन संत श्री कर्मानन्दगिरी महाराज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी नादान गुर्जर करीरिया थे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता सरपंच काली देवी द्वारा की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपप्रधान दयाराम जाट, छोटूलाल शर्मा झिलाई, दयाराम जाट किवाडा थे। मुख्य अतिथि नादान गुर्जर ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले, खेल में सभी सामान होते हैं हारे हुए खिलाडी कभी निराश नहीं हो बल्कि दुगुनी ताकत से मेहनत करें। उद्घाटन मैच राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करीरिया व उच्च प्राथमिक विद्यालय सेदरीया के बीच खेला गया जिसमें करीरिया की टीम विजेता रही। इस अवसर पर मोहनलाल बैरवा, दयाराम गुर्जर, रामस्वरूप जाट, रतिराम जाट, केसरलाल जाट, नादान गुर्जर, शिवराज चौधरी, बृजमोहन गुर्जर, संस्थाप्रधान सुद्धा विनय, हंसराज गुर्जर, देवकिशन गुर्जर, राजूराम गौड, हिमानी मिश्रा, मनीषा सिंहल, आशा कुमारी सिरोहिया, सुमन सैनी एवं शारीरिक शिक्षक मौसम जाट सहित कई खिलाडी मौजूद थे।

11 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने 11 माह से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश जाट ने बताया कि एमएमडीआर एक्ट में वांछित आरोपी मुकेश पुत्र भागुता गुर्जर निवासी नयागांव थाना दतवास को गिरफ्तार किया है। आरोपी 11 माह से फरार चल रहा था।

कृषि अधिकारी ने खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया

कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने निवाई क्षेत्र का दौरा कर खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

निवाई, (निसं)। कृषि विभाग द्वारा रबी की फसलों की बुवाई से पूर्व विशेष गुण नियन्त्रण अभियान के तहत कृषि अधिकारी कजोडमल गुर्जर ने रविवार को निवाई क्षेत्र का दौरा कर खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कृषि अधिकारी कजोडमल गुर्जर ने बताया कि संयुक्त निदेशक कृषि वीरेन्द्रसिंह सोलंकी के निर्देशानुसार रबी फसल विशेष गुण नियन्त्रण अभियान के तहत खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी दुकानदार अपने पास उपलब्ध स्टॉक को प्रदर्शित करने हेतु दर्शनिय स्थल पर मूल्य सूची लगाए एवं प्रतिदिन अपडेट करे, स्टॉक रजिस्टर व पॉश मशीन में दर्ज उर्वरक एवं गोदाम में भौतिक रूप से रखा उर्वरक समान रहना चाहिए। उन्होंने कृषि आदान विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर आने वाले कृषको को डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट के महत्व व उपयोगिता की जानकारी देने के निर्देश दिये। कृषि विभाग द्वारा कृषकों को उच्च गुणवता का खाद बीज उपलब्ध कराने हेतु खाद बीज के प्रतिष्ठानों से नमूने आहरित कर विश्लेष्ण हेतु प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है, यदि नमूना अमानक पाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।